भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या: 1305
09 फरवरी, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

महिला अस्पताल में बिस्तरों की संख्या

1305. श्री ओम पवन राजेनिंबालकर:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार देश के शहरी क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों में गर्भवती महिलाओं को तत्काल दवाएं और चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए महिला अस्पतालों में बिस्तरों की संख्या बढ़ाने की योजना लागू कर रही है;
(ख) यदि हां, तो धाराशिव जिले के महिला अस्पताल में हर महीने और साल में अस्पताल की क्षमता से अधिक होने वाले प्रसवों का ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा उन अस्पतालों में जहां महिला मरीजों का बोझ अधिक है, वहां बिस्तरों की संख्या बढ़ाने के लिए और इन महिला मरीजों को न्याय दिलाने तथा उन्हें समय पर चिकित्सा उपलब्ध कराने के संबंध में किस प्रकार कार्रवाई की जा रही है; और
(घ) यदि नहीं, तो देरी के क्या कारण हैं?

उत्तर
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ. भारती प्रविण पवार)

(क) से (घ): जन स्वास्थ्य और अस्पताल राज्य सूची के विषय हैं, स्वास्थ्य परिचर्या प्रणालियों को सुदृढ़ करने की प्राथमिक जिम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के सरकारों की है। हालांकि, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार, अस्पताल में बिस्तरों की उपलब्धता में कमी को दूर करने और शहरी क्षेत्रों और आकांक्षी जिलों सहित देश भर में गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य देख-रेख सेवाएं प्रदान करने के लिए राज्यों/ संघ राज्य क्षेत्रों को उनके कार्यक्रम कार्यान्वयन योजनाओं (पीआईपी) में प्रस्तुत प्रस्तावों के आधार पर उनकी स्वास्थ्य देख-रेख प्रणालियों को मजबूत करने के लिए वित्तीय और तकनीकी

सहायता प्रदान करता है। भारत सरकार मानकों और उपलब्ध संसाधनों के अनुसार कार्यवाही-अभिलेख (आरओपी) के रूप में प्रस्तावों को अनुमोदन प्रदान करती है।

जन स्वास्थ्य सुविधा केन्द्रों में बिस्तरों की संख्या भारत सरकार द्वारा निर्धारित भारतीय जन स्वास्थ्य मानकों(आईपीएचएस) में उल्लिखित जनसंख्या मानकों द्वारा निर्देशित होती हैं। गुणवत्तायुक्त प्रसूति एवं नवजात परिचर्या प्रदान करने के लिए समेकित सुविधा केन्द्रों के रूप में जिला अस्पतालों/जिला महिला अस्पतालों में अत्याधुनिक मातृ एवं बाल स्वास्थ्य स्कंधों और उप-जिला स्तर पर अन्य उच्च रोगी भार वाले सुविधा केन्द्रों को मंजूरी दी गई है।

महाराष्ट्र राज्य सरकार की रिपोर्ट के अनुसार, धाराशिव जिले के महिला अस्पताल की बिस्तर उपभोग की दर बेड ऑक्यूपेंसी रेट (बीओआर) वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 200% से अधिक है। इसके अतिरिक्त, राज्य सरकार ने पहले ही बिस्तर क्षमता को 60 बिस्तरों से बढ़ाकर 160 बिस्तर करने का निर्णय ले लिया है। धाराशिव जिले में 430 बिस्तरों वाला एक विशिष्ठ स्वास्थ्य परिचर्या सुविधाकेंद्र नामत: सरकारी मेडिकल कॉलेज धाराशिव स्वास्थ्य परिचर्या सेवा भी प्रदान कर रहा है।

वित्त वर्ष 2022-23 में माह-वार/वर्ष-वार किए गए प्रसवों का विवरण अनुलग्नक में संलग्न है।

अनुलग्नक

धाराशिव महिला अस्पताल, महाराष्ट्र में किए गए कुल प्रसवों की संख्या अप्रैल, 2022 से मार्च, 2023 तक			
क्र.सं.	महीने का नाम	कुल प्रसवों की संख्या	
		मासिक	संचयी
1	अप्रैल-22	486	486
2	मई-22	477	963
3	जून-22	423	1386
4	जुलाई-22	424	1810
5	अगस्त-22	515	2325
6	सितंबर-22	557	2882
7	अक्तूबर-22	549	3431
8	नवंबर-22	530	3961
9	दिसंबर-22	509	4470
10	जनवरी-23	456	4926
11	फरवरी-23	392	5318
12	मार्च-23	545	5863

*****